सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 12 अंक : 12 | इंदौर, शनिवार 01 अगस्त, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

पीएम मोदी का नया वीडियो संदेश

## 'मुझे और मेरी माता को गालियां दी गईं, लेकिन गुमराह बच्चों को माफ करना चाहता हूं'



**नई दिल्ली, (एजेंसी) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार देर रात इंस्टाग्राम लाइव के जरिए देशवासियों, खासकर युवाओं और जेन-जी को संबोधित किया। जंतर-मंतर की घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें और उनकी दिवंगत मां को अपशब्द कहे गए, लेकिन वह उन बच्चों को सजा नहीं, बल्कि माफी और सही मार्गदर्शन देना चाहते हैं। उन्होंने समाज से भी अपील की कि गुमराह युवाओं को सही रास्ता दिखाने में साथ दें।**

### ● जंतर-मंतर की घटना पर क्या बोले पीएम मोदी ?

रात करीब 11 बजे प्रसारित अपने वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि हाय फ्रेंड्स, आज तो मन करता है बस आपसे ही बातें करूं। जंतर-मंतर पर जो कुछ हुआ, उसे पूरे देश और दुनिया ने देखा। उन्होंने कहा कि कुछ शरारती बच्चों ने ऐसी भाषा का इस्तेमाल किया, जो किसी भी सभ्य समाज के लिए स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्हें और उनकी स्वर्गीय माता को भी गालियां दी गईं, लेकिन वह इस घटना को अलग नजरिए से देखते हैं।

### ● 'बचपन में गलतियां होती हैं, सुधार का मौका भी मिलता है'

प्रधानमंत्री ने कहा कि बचपन में गलतियां होना स्वाभाविक है और उसी उम्र में सुधार का अवसर भी मिलता है। उन्होंने माना कि समाज में इस घटना को लेकर आक्रोश है और यह सांस्कृतिक झटका भी है कि हमारी बेटियां इस तरह की भाषा कैसे बोल सकती हैं। इसके बावजूद उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चों को समाज से अलग करने के बजाय उन्हें सही दिशा दिखाने की जरूरत है।

पीएम मोदी ने कहा कि गुमराह बच्चों को अदालतों के चक्कर कटवाने या समाज में प्रताड़ित करने से परिस्थितियां नहीं बदलेंगी। उन्होंने कहा कि वह उन्हें माफ करना चाहते हैं और समाज से भी इस भावना को स्वीकार करने की अपील की। उन्होंने अपनी बात समझाते हुए कहा कि जैसे कभी-कभी दांतों के बीच जीभ आ जाती है और चोट लग जाती है, लेकिन हम दांत नहीं तोड़ते क्योंकि दोनों हमारे अपने हैं। उसी तरह ये बच्चे भी हमारे हैं और उन्हें सही रास्ता दिखाना समाज की जिम्मेदारी है।

### ● युवाओं से किया देश के लिए साथ चलने का आह्वान

प्रधानमंत्री ने युवाओं से अपनी गलतियों से सीखने और देश की प्रगति में भागीदार बनने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश तेजी से आगे बढ़ रहा है और युवाओं का भविष्य भी उज्ज्वल है। उन्होंने कहा कि उनका सपना है कि हर युवा आगे बढ़े और देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाए।

### ● सोशल मीडिया पर सबसे आगे पीएम मोदी

शुक्रवार रात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर नया वीडियो संदेश साझा किया। वीडियो जारी होने के महज 30 मिनट के भीतर इसे 13 लाख (1.3 मिलियन) से अधिक लाइक्स मिल गए।

# सीएम ने प्रदेश के स्व सहायता समूहों को दिए 300 करोड़ के ऋण

## ●झाबुआ को 283 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**झाबुआ, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को शासकीय महाविद्यालय ग्राउंड, थांदला में आयोजित प्रदेश स्तरीय स्व-सहायता समूहों का क्षमतावर्धन एवं ऋण वितरण कार्यक्रम में प्रदेशभर के स्वयं सहायता समूहों को 300 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किए। इसके साथ ही झाबुआ जिले को 283.81 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी गई। इनमें 174.64 करोड़ रुपये की लागत से 29 विकास कार्यों का भूमिपूजन तथा 109.17 करोड़ रुपये के 28 कार्यों का लोकार्पण शामिल है।**



मुख्यमंत्री ने चारोलीपाड़ा में लगभग 70 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय का भूमिपूजन किया। इसके अलावा पेटलावद में श्रृंगेश्वर घाट एवं माही नदी तट संरक्षण कार्य की आधारशिला रखी गई। थांदला क्षेत्र में हेलीपैड निर्माण, आधुनिक खेल परिसर, पद्मावती नदी के किनारे घाट निर्माण तथा जनजातीय अंचल में पट्टों की निःशुल्क रजिस्ट्री जैसी महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की गईं।

नारी सशक्तिकरण पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जिले की 64 हजार से अधिक लखपति दीदियां आज आर्थिक आत्मनिर्भरता की मिसाल बन चुकी हैं। उन्होंने यह भी घोषणा की कि नए शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से निःशुल्क विद्यालयीन गणवेश उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और ग्रामीण आजीविका को मजबूत बनाने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि स्वयं सहायता समूह न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रहे हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई दिशा दे रहे हैं।

इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को ऋण एवं सहायता राशि वितरित की गई, वहीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया, सांसद अनिता नागर सिंह चौहान सहित कई जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

CBI को बड़ी कामयाबी

## बीजेपी कार्यकर्ताओं ने ही करवाई शुभेंदु अधिकारी के पीए की हत्या?

**कोलकाता, (एजेंसी)** सीबीआई ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के करीबी सहयोगी चंद्रनाथ रथ की हत्या की साजिश के मामले में दो मुख्य संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में राज्य की एक प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक पार्टी के पदाधिकारी से संभावित संबंध भी सामने आए हैं।

सीबीआई ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के करीबी सहयोगी चंद्रनाथ रथ की हत्या की साजिश के मामले में दो मुख्य संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक दोनों बीजेपी के ही कार्यकर्ता हैं और रथ के साथ ही काम करते थे। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि दोनों के संपर्क एक प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दल से थे। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। गिरफ्तार किए गए आरोपी दो भाई हैं, जिनकी पहचान सागर सोनकर और साहिब सोनकर के तौर पर हुई है। वे रथ के साथ काम करते थे।

अधिकारियों के अनुसार, जांच से पता चला कि रथ के साथ काम करने के दौरान सागर सोनकर लैंडलाइन फोन के जरिए प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक पार्टी के ऑफिस के नियमित संपर्क में था। उन्होंने बताया कि आरोपियों को



शुक्रवार को कोलकाता की एक विशेष अदालत में पेश किए जाने की संभावना है। रथ की छह मई को उत्तरी 24 परगना जिले के मध्यमग्राम के पास कार में यात्रा करते समय मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

अधिकारियों के मुताबिक, एजेंसी ने सागर और पार्टी कार्यालय के बीच लगातार हो रही फोन कॉल पर गौर किया है और उस व्यक्ति की पहचान करने की कोशिश की जा रही है, जिसके संपर्क में वह था। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी को यह भी पता चला है कि 2020 तक सागर भाजपा में शामिल होने से पहले प्रतिद्वंद्वी पार्टी के एक विधायक के साथ काम करता था।

राम मंदिर चढ़ावा चोरी

## आरोपियों के रिश्तेदार भी जांच के दायरे में, 'सुप्रीम' आदेश के बाद एक्शन में SIT

**अयोध्या, (एजेंसी)** राम मंदिर चढ़ावा चोरी विवाद को लेकर एसआईटी(SIT) जांच तेजी से चल रही है. सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद नई एसआईटी और सक्रिय हो गई है. अब आरोपियों के रिश्तेदारों को भी जांच के दायरे में लाया जाएगा.

राम मंदिर चढ़ावे में हेराफेरी के मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद नई एसआईटी तेजी से जांच कर रही है. डीआईजी (DIG) सोमेन वर्मा और एसएसपी (SSP) डॉ. गौरव ग्रोवर इस जांच की अगुवाई कर रहे हैं.

इस मामले में आरोपियों के रिश्तेदारों समेत 200 लोगों को नोटिस जारी किए गए. अब आरोपियों के रिश्तेदारों को भी जांच के दायरे में लाकर मामले में हर पहलू से जांच होगी. फिलहाल एसआईटी सभी संबंधित पक्षों से पूछताछ कर रही है. दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा है. जांच का दायरा भी बढ़ाया गया है. अयोध्या के बाहर रहने वाले लोगों को भी जांच के दायरे में लाया गया है. इस मामले को लेकर संसद में भी गतिरोध जारी है. संसद में शुक्रवार को इस मामले को लेकर हंगामा हुआ.

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सुशासन संकल्प को इंदौर में मिल रहा प्रभावी स्वरूप

# राजस्व शिविर में नागरिकों को मिला समस्याओं का तत्काल निराकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सुशासन को जन-जन तक पहुंचाने तथा आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी निराकरण के लिए दिए गए निर्देशों के अनुरूप इंदौर जिला प्रशासन द्वारा अभिनव पहल करते हुए राजस्व निरीक्षक वृत्त स्तर पर विशेष राजस्व जनकल्याण शिविरों का आयोजन किये जा रहे हैं। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में आयोजित इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को उनके गांव में ही राजस्व सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं तथा वर्षों से लंबित प्रकरणों का भी प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है।**




इसी क्रम में जिले की हातोद तहसील के ग्राम सुमठा, खुड़ैल तहसील के खुड़ैल खुर्द तथा महू तहसील के मानपुर में राजस्व जनकल्याण शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं प्रस्तुत की। शिविर में प्राप्त अनेक प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविरों में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, रास्ता संबंधी विवाद, अभिलेखों में त्रुटि सुधार आदि के 190 से अधिक राजस्व प्रकरणों का त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण किया गया।

**खुड़ैल खुर्द में लगा राजस्व शिविर, 65 प्रकरणों का मौके पर निराकरण-** इंदौर जिले की खुड़ैल तहसील अंतर्गत राजस्व निरीक्षक वृत खुड़ैल खुर्द के तहसील कार्यालय में बहुउद्देशीय राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों की राजस्व संबंधी समस्याओं का मौके पर ही त्वरित एवं प्रभावी समाधान कर उन्हें आवश्यक राजस्व अभिलेखों की नकल तत्काल उपलब्ध कराई गई। शिविर में नामांतरण के 20, सीमांकन के 25, बंटवारा का एक, बटांकन के 3 तथा इंद्राज दुरुस्ती के 4 प्रकरणों सहित कुल 65 राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसके अलावा आरबीसी प्रकरण के तहत 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत कर हितग्राही को लाभान्वित किया गया तथा 11 जाति प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए।

राजस्व सेवाओं के साथ-साथ ग्रामीणों की सुविधा के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्वास्थ्य परामर्श शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श और दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। शिविर के दौरान प्राप्त विभिन्न सीएम हेल्पलाइन शिकायतों एवं अन्य राजस्व संबंधी आवेदनों पर भी संबंधित अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई कर आवश्यक निराकरण सुनिश्चित किया। मौके पर ही समस्याओं का समाधान होने पर ग्रामीणों ने जिला प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए संतोष व्यक्त किया।

इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राहुल गुप्ता ने ग्राम में छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने ग्रामीणों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आग्रह किया।

शिविर में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राहुल गुप्ता, तहसीलदार श्रीमती प्रीति भिसे, अपर तहसीलदार योगेश मेश्राम, राजस्व निरीक्षक, पटवारीगण, अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**सुमठा में राजस्व शिविर आयोजित, एसडीएम एवं तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर रास्ते का विवाद सुलझाया-** इंदौर जिले की हातोद तहसील के ग्राम पंचायत सुमठा में शुक्रवार को राजस्व शिविर आयोजित किया गया। शिविर में लगभग 300 किसानों ने भाग लिया। शिविर में एसडीएम राजेश कुमार सिंह, तहसीलदार गोविंद सिंह ठाकुर, नायब तहसीलदार धर्मेंद्र सिंह चौहान सहित राजस्व अमला एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। शिविर में राजस्व संबंधी मामलों का त्वरित निराकरण करते हुए कुल 43 प्रकरणों का निपटारा किया गया। इनमें इंद्राज दुरुस्ती, अपील, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन तथा अन्य राजस्व प्रकरण शामिल रहे। निराकृत प्रकरणों की आदेश प्रतियां संबंधित किसानों को मौके पर ही प्रदान की गईं। इसके अलावा दो रास्ता विवादों में स्थल निरीक्षण किया गया तथा छह सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण किया गया। किसानों की ई-केवाईसी एवं फार्मर रजिस्ट्री का कार्य भी संपादित किया गया। शिविर के दौरान ग्राम सुमठा स्थित आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए गए। समापन पर आयोजन स्थल एवं आंगनवाड़ी परिसर में पौधरोपण भी किया गया।

हातोद तहसील के ग्राम सुमठा में लंबे समय से चले आ रहे रास्ते के विवाद का मौके पर पहुंचकर निराकरण किया गया। एसडीएम एवं तहसीलदार ने संबंधित राजस्व अमले के साथ ग्राम सुमठा पहुंचकर दोनों पक्षों की बात सुनी तथा राजस्व अभिलेखों के आधार पर सीमांकन एवं आवश्यक कार्रवाई कर रास्ता खुलवाया। इस दौरान अधिकारियों ने दोनों पक्षों को आपसी सौहार्द बनाए रखने की समझाइश दी और स्पष्ट किया कि आमजन की सुविधा तथा निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। मौके पर विवाद का समाधान होने से ग्रामीणों ने राहत व्यक्त की और प्रशासन की त्वरित कार्रवाई की सराहना की।

**मानपुर के ग्राम पंचायत राजपुरा कुटी में हुआ राजस्व शिविर आयोजित, ग्रामीणों को मिला त्वरित न्याय-** मानपुर तहसील के डॉ. अंबेडकर नगर महू की ग्राम पंचायत राजपुरा कुटी में आज शुक्रवार को राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान नामांतरण 35 बटवारा 15 नक्शा तरमीम 04 सीमांकन 25 अभिलेख सुधार 05 प्रकरणों का निराकरण कर ग्रामीणजनों को खसरा खतौनी और आदेश प्रदान किए गए। किसानों की फार्मर आईडी भी बनाई गई। साथ ही नवीन आवेदन पत्र भी प्राप्त किए गए। ग्रामीणों एवं कृषको को पौधे भी भेंट किए गए एवं संकल्प दिलाया कि वह उसे पौधे को अपने घर में लगाएंगे और उसकी रक्षा भी करेंगे| इस प्रकार सभी की उपस्थिति में राजस्व शिविर संपन्न हुआ। इस दौरान विधायक सुश्री उषा ठाकुर, अपर कलेक्टर रिंकेश वैश्य, एस.डी.एम राकेश परमार, तहसीलदार दिलीप कुमार द्विवेदी एवं समस्त पटवारीगण, सरपंच राजपुराकुटी एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## गैस सिलेंडर के अवैध भंडारण और रिफिलिंग पर छापामार कार्रवाई



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण, रिफिलिंग एवं बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार 31 जुलाई को खाद्य विभाग के संयुक्त निरीक्षण दल ने सघन कार्रवाई की। सहायक आपूर्ति अधिकारी एन.एस. मुवेल, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अंकुर गुप्ता एवं सुश्री सुचिता दुबे के संयुक्त दल ने सागौर कुटी, धर्मकुंज गेट के पास स्थित एक परिसर पर औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान गुलाब शाह द्वारा अवैध रूप से गैस सिलेंडरों का भंडारण एवं कारोबार किया जाना पाया गया। कार्रवाई के दौरान मौके से अवैध रूप से संग्रहित 17 गैस सिलेंडर जब्त किए गए। आरोपी गुलाब शाह के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम - 1955 की धारा 3/7 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विधिसम्मत कार्रवाई की गई। कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि आवासीय एवं घनी आबादी वाले क्षेत्रों में गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण, रिफिलिंग और बिक्री जैसी गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए अभियान निरंतर जारी रहेगा। आमजन से भी ऐसी अवैध गतिविधियों की जानकारी प्रशासन को उपलब्ध कराने की अपील की गई है, ताकि जनसुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## हाईकोर्ट में 31 अस्पतालों के मामले में सुनवाई

### याचिकाकर्ता ने पेश किया रिजाइंडर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के 31 अस्पतालों की वैधता और नियमों के पालन को लेकर दायर जनहित याचिका में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ में फिर सुनवाई हुई। पिछली सुनवाई में दिए गए निर्देश के अनुसार याचिकाकर्ता एडवोकेट चर्चित शास्त्री ने अपना प्रत्युत्तर (रिजॉइंडर) कोर्ट में प्रस्तुत किया। इसमें सीएमएचओ डॉ. माधव हासानी पर कोर्ट को गुमराह करने और गलत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत कर अवैध अस्पतालों को बचाने का गंभीर आरोप लगाया गया।**

याचिकाकर्ता ने अपने प्रत्युत्तर में कहा कि सीएमएचओ द्वारा कोर्ट में प्रस्तुत जांच रिपोर्ट तथ्यों के अनुरूप नहीं है। आरोप लगाया गया कि वास्तविक स्थिति छिपाकर ऐसी रिपोर्ट पेश की गई, जिससे नियमों का उल्लंघन करने वाले अस्पतालों को राहत मिल सके। प्रत्युत्तर के साथ याचिकाकर्ता ने कथित रूप से कूटरचित (फर्जी) दस्तावेजों और बिना वैध रजिस्ट्रेशन संचालित अस्पतालों से संबंधित रिकॉर्ड भी हाईकोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किए। याचिका में दावा किया गया कि कुछ अस्पताल आवश्यक वैधानिक अनुमति और रजिस्ट्रेशन के बिना संचालित हो रहे हैं, जबकि रिकॉर्ड में अलग स्थिति दर्शाई गई है। मंगलवार को हुई पिछली सुनवाई में याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया था कि सीएमएचओ ने 31 अस्पतालों के बजाय 34 संस्थानों की जांच रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की। साथ ही विनायक पैथोलॉजी लैब और लेडी हलीमा हॉस्पिटल को सील किए जाने से जुड़े कथित फर्जी आदेश रिकॉर्ड पर रखने का आरोप भी लगाया था। याचिकाकर्ता ने यह भी दावा किया था कि कुछ अस्पतालों की ओर से नगर निगम के फर्जी शपथ पत्रों के आधार पर भवन अनुमति संबंधी दस्तावेज कोर्ट में पेश किए गए हैं।

पिछली सुनवाई में एडवोकेट चर्चित शास्त्री ने कोर्ट को बताया था कि जनहित याचिका दायर करने के बाद से उन पर दबाव बनाने और हमले के प्रयास किए जा रहे हैं। इस पर हाई कोर्ट ने राज्य शासन को उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे और कहा था कि याचिकाकर्ता की सुरक्षा उपलब्ध कराना राज्य की जिम्मेदारी है। अब गुरुवार को प्रस्तुत प्रत्युत्तर और उससे जुड़े दस्तावेजों के आधार पर मामले की आगे की सुनवाई होगी। कोर्ट इन आरोपों और प्रस्तुत रिकॉर्ड पर विचार करने के बाद अगला आदेश पारित करेगी।

# 400 सीसीटीवी खंगालकर पुलिस ने पकड़ा हत्या का आरोपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सेंट्रल कोतवाली थाना क्षेत्र में हुई हत्या का पुलिस ने शुक्रवार को खुलासा कर दिया। शराब पीने के दौरान हुए विवाद के बाद आरोपी ने ईंट से हमला कर एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी।**

घटना सामने आने के बाद से ही पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी थी। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस को 400 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने पड़े। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी न तो मोबाइल फोन का इस्तेमाल करता था और न ही उसका सोशल मीडिया पर कोई अकाउंट था। डीसीपी अभिषेक रंजन ने बताया कि 4 जुलाई की रात सेंट्रल कोतवाली थाना क्षेत्र में पालिका प्लाजा के समीप एक व्यक्ति का शव लहूलुहान



अवस्था में मिला था। सूचना मिलने के बाद पुलिस और एफएसएल की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की, जिसमें सामने आया कि युवक की हत्या की गई थी। मृतक की पहचान महेश पिता चंद्रशेखर मालवीय, निवासी रामरतन शर्मा मार्ग, इमाम बाग, उज्जैन के रूप में हुई। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। इसके लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया। डीसीपी ने बताया कि विशेष टीम लगातार आरोपी की तलाश में जुटी रही। जांच के दौरान पुलिस ने 400 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले, जिसके बाद आरोपी की पहचान हो सकी। जांच में पता चला कि आरोपी मजदूरी करता है, अत्यधिक शराब पीने का आदी है और किसी एक स्थान पर स्थायी रूप से नहीं रहता। पूछताछ और जांच में यह भी सामने आया कि घटना वाले दिन शराब पीने के दौरान दोनों के बीच विवाद हुआ था। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने ईंट से हमला कर महेश की हत्या कर दी। इसके बाद पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी रही। आखिरकार सूचना मिलने पर पुलिस ने गुरुवार को इंदौर बायपास से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान आशीष उर्फ चंदू (30) निवासी जिला रायसेन के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, उसके खिलाफ पहले से भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसके विरुद्ध चोरी के दो और मारपीट के दो प्रकरण दर्ज हैं। घटना वाले दिन आरोपी और मृतक साथ बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में आरोपी ने सड़क पर पड़ी ईंट उठाकर महेश के सिर पर हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने से महेश की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी वहां से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस लगातार जुटी रही।

## एमडी ड्रग्स के साथ दो गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 58.48 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त ड्रग्स की कीमत करीब 5 लाख 80 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस अब दोनों आरोपियों से ड्रग्स के सप्लायर और पूरे नेटवर्क के बारे में पूछताछ कर रही है। डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि गुरुवार को गश्त के दौरान एमआर-4 रोड स्थित बीआरटीएस बस स्टैंड, सुखलिया के पास एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। पुलिस टीम को देखकर वह भागने लगा, लेकिन घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम शाहिल पिता अय्यूब शाह, निवासी अंबेडकर नगर, थाना कैंट, नीमच बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 58.48 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई। शाहिल से पूछताछ के दौरान उसके साथी अल्केफ पिता शहजाद रिजवी, निवासी दावतखेड़ी, जिला मंदसौर का नाम सामने आया। इसके बाद क्राइम ब्रांच ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक शाहिल ठेले पर फल बेचता है, जबकि अल्केफ हम्माली का काम करता है। दोनों से पूछताछ कर ड्रग्स के स्रोत और अन्य आरोपियों की जानकारी जुटाई जा रही है।

# वेतन घोटाला, दो कर्मचारियों पर केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** नगर निगम के दो अस्थायी कर्मचारियों पर वेतन भुगतान प्रणाली में हेराफेरी कर करीब 2.94 लाख रुपए का गबन करने का आरोप लगा है। दोनों ने कथित तौर पर पांच मस्टर कर्मचारियों की सैलरी दूसरे बैंक खातों में ट्रांसफर कराई और बाद में वह रकम अपने खातों में मंगवा ली। मामला सामने आने के बाद नगर निगम ने दोनों की सेवाएं समाप्त कर एमजी रोड थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

एमजी रोड थाना प्रभारी विजय सिंह सिसौदिया ने बताया कि नगर निगम स्थापना शाखा के उपायुक्त डॉ. केशव सिंह सगर की शिकायत पर अमन सालवी निवासी राजनगर और अनुज पंवार निवासी पाटनीपुरा के खिलाफ धोखाधड़ी और गबन का मामला दर्ज किया गया है। शिकायत के अनुसार, दोनों कर्मचारियों ने मस्टर कर्मचारियों के वेतन के लिए बैंक खाता बदलने की सुविधा का गलत इस्तेमाल किया। उन्होंने पांच कर्मचारियों के वेतन की कुल 2 लाख 94 हजार 193 रुपए की राशि दूसरे बैंक खातों में ट्रांसफर कर दी। बाद में यह रकम उन खातों से अपने खातों में मंगवा ली। मामले का पता चलते ही नगर निगम ने अमन सालवी की सेवा समाप्त कर उसकी आईडी लॉक कर दी। वहीं आउटसोर्स कर्मचारी अनुज पंवार की सेवाएं भी खत्म कर दी गईं। टीआई सिसौदिया ने बताया कि आरोपियों ने पिछले महीने वेतन बिल तैयार कर एनईएफटी फाइल भेजी थी। लेखा शाखा की जांच में पता चला कि कर्मचारियों के नाम तो सही थे, लेकिन बैंक खाते किसी और के थे। इसी रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब उन सभी बैंक खातों की जांच कर रही है, जिनमें पहले वेतन की राशि भेजी गई थी। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि इस गड़बड़ी में और कौन-कौन शामिल था।

# 313 मार्कशीट लौटाने के लिए पुलिस ने बनाया व्हाट्सऐप ग्रुप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। विजय नगर थाना पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी के मामले में जब्त की गई छात्रों की ओरिजनल मार्कशीट लौटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस ने इसके लिए एक व्हाट्सऐप ग्रुप बनाया है, जिसमें उन छात्रों को जोड़ा जा रहा है जिनकी मार्कशीट आरोपी के पास से बरामद हुई थी। सभी दस्तावेज कोर्ट की अनुमति के बाद संबंधित छात्रों को सुपुर्द किए जाएंगे।**

कुछ दिन पहले विजय नगर पुलिस ने नौकरी दिलाने का झांसा देकर छात्रों की ओरिजनल मार्कशीट रखकर ठगी करने वाले आरोपी मयंक सर्राफ को गिरफ्तार किया था। उसके पास से 313



ओरिजनल मार्कशीट बरामद हुई थीं। आरोपी ने विजय नगर स्थित एक मॉल में AZFA इंटरप्राइजेज के नाम से कंसल्टेंसी ऑफिस खोल रखा था। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी शहर में पढ़ाई करने आए छात्रों को पार्ट-टाइम और फुल-टाइम नौकरी दिलाने का लालच देता था। नौकरी के लिए आवेदन के दौरान वह छात्रों की ओरिजनल मार्कशीट अपने पास रख लेता और प्रति छात्र 5 हजार रुपए की मांग करता था। पैसे नहीं मिलने पर वह मार्कशीट वापस नहीं करता था। एसीपी पराग सैनी ने बताया कि जब्त की गई करीब 300 मार्कशीट फिलहाल न्यायालय के अधीन हैं। छात्रों को परेशानी से बचाने के लिए पुलिस ने व्हाट्सऐप ग्रुप बनाया है। कायतकर्ता और अन्य प्रभावित छात्रों को इसमें जोड़ा जा रहा है। ग्रुप में छात्र अपनी मार्कशीट की फोटोकॉपी, नाम और पहचान संबंधी जानकारी साझा कर रहे हैं। पुलिस जब्त दस्तावेजों से उनका मिलान कर रही है। पुलिस का कहना है कि सभी छात्रों की पहचान और दस्तावेजों का सत्यापन होने के बाद न्यायालय से अनुमति लेकर उनकी ओरिजनल मार्कशीट वापस सौंपी जाएगी। मामले में आरोपी से पूछताछ और जांच अभी भी जारी है।

यदि आप साहस और निर्भीकता के साथ 'खोजी पत्रकार' के रूप में कार्य करना चाहते है...
अपने आसपास के भ्रष्टाचार-अपराध-अव्यवस्थाओं को उजागर करना चाहते है...
तो आइए हमारे समाचारपत्र/न्यूज वेबपोर्टल/यूट्यूब चैनल के साथ 'क्राइम रिपोर्टर' के रूप में कार्य करे।
★★★★★
कृपया हमारी वेबसाइट पर जाकर खुद को रजिस्टर्ड करे। या फिर हमें आपका पूरा बॉयोडाटा मेल करे
www.dgr.co.in
www.detectivegroupreport.com
detectivegroupreport@gmail.com
(आपके सुझाव/लेख/न्यूज़/सूचना का सदैव स्वागत है)

# प्रॉप्रट्री कारोबारी की महिला मित्र को इंदौर लाई पुलिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र स्थित श्याम पैलेस होटल की दूसरी मंजिल की बालकनी से गिरकर प्रॉपर्टी कारोबारी जितेंद्र (जीतू) साहू की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस ने उनकी महिला मित्र को भोपाल से हिरासत में लिया है। गुरुवार को पुलिस की एक टीम भोपाल पहुंची और महिला को इंदौर लाकर उससे पूछताछ शुरू की। पुलिस के अनुसार 13-14 जुलाई की दरमियानी रात करीब 4:30 बजे होटल की दूसरी मंजिल से गिरने के कारण जितेंद्र साहू की मौत हो गई थी। घटना के सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए थे। जांच में पता चला कि घटना के समय सईद फारिया उर्फ ऐना होटल के उसी कमरे में मौजूद थी, जहां जितेंद्र ठहरे हुए थे। वह पिछले करीब 22 दिनों से होटल में रह रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने मृतक की पत्नी और बेटे के बयान दर्ज किए। परिजनों ने आरोप लगाया कि ऐना लंबे समय से जितेंद्र को ब्लैकमेल कर रही थी और उनसे बड़ी रकम भी ऐंठ चुकी थी। इन आरोपों के बाद पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस जांच में पता चला कि घटना के बाद ऐना भोपाल में अपने रिश्तेदारों के यहां चली गई थी।

# मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों और किसानों के प्रोत्साहन के निर्णयों के लिए माना आभार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में सम्पन्न कैबिनेट बैठक द्वारा युवा खिलाड़ियों और किसानों के प्रोत्साहन के उद्देश्य से लिए गए निर्णय पर हर्ष व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी युवाओं, किसानों, नारियों और गरीबों का कल्याण सर्वोच्च प्राथमिकता मानते हैं। इसके अनुरूप केंद्र सरकार द्वारा निरंतर महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं।**



ऐसे निर्णयों का लाभ मध्यप्रदेश सहित सभी राज्यों को मिलेगा। उल्लेखनीय है कि आज केंद्रीय कैबिनेट ने 2026-27 से 2030-31 की अवधि के लिए 36 हजार 441 करोड़ रुपये के संयुक्त परिव्यय के साथ संशोधित खेलो इंडिया योजना और राष्ट्रीय खेल संघों को बढ़ी हुई सहायता को मंजूरी दे दी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केंद्रीय कैबिनेट का यह निर्णय भारत में खेल प्रतिभाओं की पहचान, प्रशिक्षण और स्पोर्ट्स इको सिस्टम तैयार करेगा। इसके फलस्वरूप खिलाड़ियों को पहले से अधिक प्रोत्साहन मिलेगा। ओलंपिक, पैरालंपिक सहित अन्य अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारियों को भी नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार माना है।

### किसान का सम्मान समृद्ध भारत की पहचान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों के कल्याण के लिए केंद्रीय कैबिनेट द्वारा लिए गए निर्णय को महत्वपूर्ण बताया है। इस निर्णय के अनुसार 3.15 लाख करोड़ रूपए के वित्तीय परिव्यय के साथ प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को वर्ष 2026–27 से 2030–31 तक जारी रखने की मंजूरी दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों के कल्याण की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम उठाया है। निश्चित ही यह निर्णय किसान परिवारों की आर्थिक सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाकर कृषि क्षेत्र की समृद्धि और किसान कल्याण के कार्यों को नए शिखर पर ले जाएगा।

### हरित उर्जा क्षेत्र को नई गति देने की दिशा में केंद्रीय कैबिनेट का महत्वपूर्ण कदम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट के एनर्जी स्टोरेज सिस्टम से युक्त फ्लोटिंग सोलर फोटोवोल्टिक परियोजनाओं के विकास के लिए 'प्रधानमंत्री सूर्य सरोवर योजना' को स्वीकृति के निर्णय को हरित ऊर्जा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण बताते हुए हर्ष व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय कैबिनेट के निर्णय के अनुसार वित्त वर्ष 2026–27 से 2030–31 तक परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। जबकि 2032–33 तक यह वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। योजना के अंतर्गत कम से कम पांच हजार मेगावॉट क्षमता के फ्लोटिंग सोलर पीवी प्रोजेक्ट्स तथा 10 हजार मेगावॉटएच स्टोरेज क्षमता वाले एनर्जी स्टोरेज सिस्टम विकसित किए जाएंगे।

# इंदौर से खरगोन लौट रहे दो दोस्त पुलिया पर बहे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश में लगातार हो रही बारिश के बीच खरगोन जिले में बड़ा हादसा हो गया। ऊन क्षेत्र में इंदौर से लौट रहे बाइक सवार दो दोस्त पुलिया पार करते समय तेज बहाव में बह गए। एक युवक तैरकर बाहर निकल आया, जबकि दूसरा लापता है। एसडीआरएफ और पुलिस की टीम शुक्रवार देर शाम तक उसकी तलाश में जुटी रही।**

उधर, प्रदेश के कई जिलों में शुक्रवार को झमाझम बारिश हुई। भोपाल में तेज बारिश दर्ज की गई, जबकि खरगोन के गोगावां में सबसे ज्यादा 7.6 इंच पानी बरसा। बुरहानपुर शहर में 7 इंच और बैतूल के भीमपुर में 6.6 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई। 33 शहरों और कस्बों में भारी से अति भारी बारिश हुई। बारिश का सबसे ज्यादा असर खंडवा में दिखा, जहां कपास और मक्का की फसलें खेतों में बिछ गईं। आबना और सुक्ता नदी के तेज बहाव के बीच टापू पर फंसे चार लोगों को एसडीआरएफ ने करीब साढ़े 10 घंटे के रेस्क्यू के बाद सुरक्षित निकाला। भारी बारिश के चलते खंडवा में स्कूलों में कल भी छुट्टी घोषित की है। वहीं बड़वानी के सेंधवा में 10 से 15 घरों में पानी घुस गया और कई जगह नदी-नाले उफान पर हैं। प्रशासन ने लोगों से पुल-पुलियों और जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रहने की अपील की है। राजधानी भोपाल में शुक्रवार को तेज बारिश का दौर चला। बारिश के बाद तापमान में गिरावट आई और लोगों को उमस से राहत मिली। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना जताई है। खंडवा में 24 घंटे में 128 मिमी (5 इंच से ज्यादा) बारिश हुई। लगातार बारिश से कपास और मक्का की फसलों को नुकसान पहुंचा है। कई खेतों में फसलें पूरी तरह जमीन पर बिछ गईं। आबना और सुक्ता नदी के तेज बहाव के कारण हांडी-कुंडी गांव के पास बने टापू पर फंसे चार लोगों को एसडीआरएफ ने करीब साढ़े 10 घंटे के रेस्क्यू के बाद सुरक्षित निकाला।

# जुलाई में कोटा फुल, पर मप्र में 13% कम बारिश

● भोपाल-जबलपुर समेत 42 जिलों में औसत से कम, अगले 4 दिन तेज बरसात नहीं



**भोपाल।** जुलाई में दो लंबे ब्रेक के बावजूद मध्य प्रदेश में बारिश का कोटा पूरा हो गया, लेकिन जून में कम बारिश होने की वजह से आंकड़ा 13 प्रतिशत कम है। इस कारण 55 में से 42 जिले ऐसे हैं, जहां पर सामान्य से कम पानी गिरा।

IMD (मौसम केंद्र) की माने तो सिस्टम के कमजोर होने से अगले चार दिन भारी बारिश होने की संभावना नहीं है। हालांकि, अगस्त में कोटा पूरा हो सकता है। प्रदेश के मालवा-निमाड़ यानी, इंदौर और उज्जैन संभाग में पिछले 48 घंटे के दौरान अति भारी या भारी बारिश का दौर रहा।

खरगोन, बड़वानी, बुरहानपुर, खंडवा, रतलाम, धार समेत पश्चिमी हिस्से के कई जिलों में तेज बारिश हुई। शुक्रवार को खंडवा में कपास और मक्का की फसलें खेतों में बिछ गईं।

आबना और सुक्ता नदी के तेज बहाव के कारण टापू पर फंसे 4 लोगों को SDRF ने करीब साढ़े 10 घंटे के रेस्क्यू के बाद सुरक्षित निकाला। वहीं, बड़वानी के सेंधवा ब्लॉक में नाले का पानी 10 से 15 घरों में घुस गया। दो फीट तक जलभराव रहा। इसके साथ ही मक्का की फसल गिर गई।

कई जिलों में नदी-नाले उफान पर रहे। जिला प्रशासन ने नदी-नालों के आसपास रहने वाले लोगों से सतर्क रहने और जलभराव वाले क्षेत्रों में सावधानी बरतने की अपील की।

मौसम विभाग के मुताबिक, खरगोन के गोगावां में सबसे ज्यादा 7.6 इंच पानी गिरा। बुरहानपुर शहर में 7 इंच और बैतूल के भीमपुर में 6.6 इंच बारिश रिकॉर्ड हुई। प्रदेश के 33 शहरों और कस्बों में भारी से अति भारी बारिश दर्ज की गई।

# मां ने अपनी 4 दिन की बेटी को नीले ड्रम में डुबोकर मार-डाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीधी, एजेंसी। प्रदेश के सीधी जिले में मां ने अपनी 4 दिन की बेटी को तड़पा-तड़पाकर मार डाला। मां ने बच्ची को नीले ड्रम में भरे पानी में डुबो दिया। पानी में ज्यादा देर तक डूबने से बच्ची का दम घुट गया। मामला चुरहट के भेलकी गांव का है।**



मृत बच्ची की पहचान प्रिशा पटेल (4 दिन) के रूप में हुई है। उसके पिता पंकज पटेल और मां सोनू पटेल (21) हैं। पुलिस के अनुसार, बच्ची का शव पानी से भरे ड्रम में मिला है। मर्डर के बाद मां अपने बेटी के शव को गोद में लेकर बैठी रही। परिजन के अनुसार, सोनू पटेल ने 26 जुलाई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चुरहट में बच्ची को जन्म दिया था। परिवार ने उसका नाम प्रिशा रखा था। 28 जुलाई को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद मां और नवजात घर लौट आए थे। 30 जुलाई को सुबह 11 बजे नवजात अपने बिस्तर पर नहीं मिली। परिजन ने घर और आसपास तलाश की। इसी दौरान घर के सामने रखे पानी से भरे नीले प्लास्टिक के ड्रम में बच्ची का शव मिला। ड्रम का ढक्कन खुला था, लेकिन उसमें पानी भरा हुआ था। बच्ची के पिता पंकज पटेल ने बताया कि उनके बड़े भाई की तीन बेटियां हैं, जबकि प्रिशा उनकी पहली संतान और पहली बेटी थी। उन्होंने कहा कि वह गांव में मजदूरी करते हैं। उनके पास कोई स्थायी आजीविका का साधन नहीं है।

# रेत माफिया ने 4 लोगों को डंडों से पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खजुराहो, एजेंसी।** छतरपुर जिले में शुक्रवार सुबह 10 बजे नाले से बालू निकालने का विरोध करने पर रेत माफिया ने एक ही परिवार के 4 लोगों को जमकर पीटा। एक युवक का सिर फोड़ दिया। कुछ लोगों के हाथ-पैर और अन्य जगह चोट के निशान हैं। घायलों को छतरपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मारपीट के दौरान घायलों में शामिल एक युवक ने हमलावरों पर कट्टे से फायरिंग की। फायरिंग कर आरोपियों को भगाया। मारपीट और फायरिंग का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें खून से लथपथ युवक कट्टा लोड कर फायरिंग करता दिखाई दे रहा है। मामला राजनगर थाना क्षेत्र के खजुआ गांव का है।

# झाबुआ में कपासिया खली से भरा ट्रक पलटा

### मोटरसाइकिलों को बचाने के प्रयास में हादसा, ड्राइवर को मामूली चोटें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**झाबुआ, एजेंसी।** शुक्रवार शाम रतलाम-झाबुआ निर्माणाधीन मार्ग पर करवड़ बस स्टैंड मोड़ के पास कपासिया खली से भरा एक आयशर ट्रक पलट गया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन ट्रक चालक को मामूली चोटें आई हैं।

जानकारी के अनुसार, यह दुर्घटना कई स्थानीय कारणों से हुई। रतलाम-झाबुआ मार्ग पर निर्माण कार्य जारी है, जिसके कारण मोड़ पर सड़क की साइड पट्टी नहीं भरी गई थी।

बस स्टैंड पर दुकानों के सामने बेतरतीब ढंग से खड़ी मोटरसाइकिलों को बचाने के प्रयास में आयशर चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना की सूचना मिलते ही करवड़ पुलिस



चौकी की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थिति का जायजा लिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से निर्माणाधीन मार्ग पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने और बेतरतीब पार्किंग पर रोक लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

## संपादकीय

ईरान-होर्मुज संकट

# सुरक्षित वतन वापसी और बदलती वैश्विक राजनीति

फरवरी 2026 में पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के बाद तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने 2,557 भारतीय नागरिकों को ईरान से निकालकर आर्मेनिया और अजरबैजान पहुंचाया, जहां से उनकी भारत में सुरक्षित वापसी कराई गई। विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने राज्यसभा में लिखित जवाब में यह जानकारी दी। मौजूदा समय में ईरान में करीब 7,000 भारतीय हैं, जिनमें छात्र, कामगार, नाविक और मछुआरे शामिल हैं। संघर्ष के कारण लौटे भारतीय मेडिकल छात्रों की समस्याएं ईरानी अधिकारियों के समक्ष उठाई गई हैं, जबकि भारतीय नागरिकों को हालात सामान्य होने तक ईरान की यात्रा टालने की सलाह दी गई है। मंत्री ने यह भी बताया कि दुबई स्थित ईरानी अस्पताल के बंद होने से प्रभावित 130 से अधिक भारतीयों के संपर्क में भारतीय मिशन है और उन्हें हरसंभव सहायता दी जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ब्रिटिश पीएम एंडी बर्नम के बीच शुक्रवार को टेलिफोन पर पहली बात हुई। मोदी ने बर्नम को पीएम पद संभालने और सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। मोदी ने बताया कि दोनों नेताओं के बीच होर्मुज संकट, तकनीक, इनोवेशन, रक्षा, सुरक्षा, क्लीन एनर्जी, शिक्षा, लोगों के बीच संपर्क जैसे अहम क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने पर सहमति बनी। दोनों ने विभिन्न रणनीतिक क्षेत्रों में साझेदारी बढ़ाने पर जोर दिया। ईरान ने शुक्रवार को होर्मुज पार कर रहे कच्चे तेल से भरे दो जहाजों पर हमला किया। ईरान ने कहा कि दोनों जहाज तय समुद्री रास्ते के बजाय अमेरिकी सेना की सुरक्षा में वैकल्पिक रास्ते से गुजरने की कोशिश कर रहे थे। कुवैत ने शुक्रवार को ईरानी ड्रोन को मार गिराया।


विक्रम बेताल की चौदहवीं कहानी

# चोर हंसने से पहले क्यों रोया?

एक बार फिर राजा विक्रमादित्य, बेताल को पेड़ से उतारकर कंधे पर लादकर योगी की ओर बढ़ने लगता है। इस दौरान बेताल फिर से राजा को एक नई कहानी सुनाता है और शर्त वही होती है, अगर राजा ने मुंह खोला तो वो उड़ जाएगा और जवाब पता होते हुए भी नहीं दिया तो राजा की गर्दन को धड़ से अलग कर देगा। बेताल राजा को सुनाता है

बहुत साल पहले अयोध्या नगरी में वीरकेतु नाम का एक राजा राज करता था। उसी राज्य में एक साहूकार भी रहता था। धनी साहूकार का नाम था रत्नदत्त। उसकी एक ही सुंदर सी बेटी थी रत्नावती। रत्नावती के लिए कई रिश्ते आए, लेकिन उसने किसी से भी शादी करने के लिए हां नहीं की। इस वजह से उसके पिता काफी परेशान थे। रत्नावती को सिर्फ सुंदर और धनवान नहीं बल्कि बुद्धिमान और बलवान वर चाहिए था।

एक और रत्नावती के पिता अपनी बेटी से परेशान थे। दूसरी ओर नगर में चोरी शुरू होने लगी थी, जिस वजह से रत्नदत्त को हर समय यह डर सताता था कि कहीं, उसके घर से चोर सारा धन न लेकर चला जाए। इसी बीच रत्नावती की मुलाकात उस चोर से हो जाती है। रत्नावती को लोगों के घरों से फल तोड़कर खाने में बड़ा आनंद आता था। वह चोर रत्नावती को आम चुराना सिखाता है। वह लड़की उससे बहुत प्रभावित होती है और रोज उससे मिलने लगती है। वक्त के साथ-साथ उसे चोर से प्यार हो जाता है।



इधर, चोर रोज रत्नावती से मिलने के बाद चोरी करने के लिए निकल जाता था। उधर, अयोध्या में बढ़ती चोरी से परेशान राजा ने सारे मंत्रियों और पहरेदारों को डांट लगाते हुए कहा, “नगर में रोज चोरियां हो रही हैं, लेकिन न तो कोई पहरेदार उसे पकड़ पा रहा है और न ही कोई मंत्री उसे पकड़ने की योजना बना पा रहा है।” इसके बाद राजा ने खुद चोर को पकड़ने का फैसला लिया। चोर को पकड़ने के लिए राजा रोज रात को नगर में घूमने लगे।

एक दिन राजा ने रात में किसी को घर में कूदते हुए देखा। राजा को शक हुआ तो वह भी उसके पीछे चल पड़े। जैसे ही राजा वहां पहुंचे तो चोर उन्हें देखकर कहने लगा, “अरे! मुझे तो लगता था कि यहां मैं ही एक चोर हूं। तुम भी चोरी के इरादे से यहां आएं हो।” राजा कुछ भी नहीं कहते। इसके बाद चोर कहता है, “तुम भी चोरी के इरादे से आए हो और मैं भी। तो तुम्हें मुझसे डरने की जरूरत नहीं है। तुम एक तरह से मेरे मित्र हो।” इसके बाद चोर, राजा वीरकेतु को अपने घर चलने का निमंत्रण देता है। चोर का आग्रह सुनकर राजा उसके साथ चले जाते हैं।

चोर उन्हें अपनी गुफा में ले जाता है, जहां उसने सारा चोरी का धन छिपा रखा था। राजा वीरकेतु इतना सारा धन और गुफा में मौजूद सुख-सुविधाओं को देखकर हैरान रह गए। कुछ देर बाद राजा ने चोर से पूछा, “तुमने इतना सारा धन इकट्ठा कर रखा है। तुम्हें चोरी करते हुए डर नहीं लगता।” चोर जोर से हंसकर कहता है, “राजा की सेना में कोई भी साहसी नहीं है और न ही वो अपने काम को ईमानदारी कर रहे हैं। अगर एक व्यक्ति भी अपना कार्य ईमानदारी से करता, तो इतना मुश्किल नहीं होता मुझे पकड़ना। एक चोर राजा की पूरी सेना पर भारी पड़ गया है। वहां कोई योद्धा ही नहीं है।” यह सुनते ही राजा ने अपनी तलवार निकाली और चोर से युद्ध करके उसे अपना बंधी बना लिया।

चोर हैरान रह गया। उसे कुछ देर बाद समझ आया कि इतनी देर से राजा भेष बदलकर उसके साथ थे। राजा वीरकेतु उसे अपने साथ राजमहल ले जाते हैं और फांसी पर चढ़ाने की सजा सुना देते हैं। जैसे ही इस बात का एलान होता है कि चोर पकड़ा गया और उसे फांसी होने वाली है, तो रत्नावती परेशान हो जाती है। उसे पता चल गया था कि राज्य में जो चोरी कर रहा था, वही उसे आम चुराना सिखाता था। परेशान होकर रत्नावती अपने पिता रत्नदत्त से कहती है, “पिता जी, जिस व्यक्ति को मैं मन-ही-मन अपना पति मान चुकी हूं, उसे राजा ने पकड़ लिया है और वो उसे फांसी पर लटकाने वाले हैं। आप कुछ कीजिए।” रत्नदत्त को अपनी बेटी की बात समझ ही नहीं आती है। तब वह अपने पिता को चोर और अपनी मुलाकात के बारे में विस्तार से बताती है और कहती है कि वो उसके बिना नहीं रह सकती है।

रत्नदत्त अपनी बेटी को समझाने की कोशिश करता है। जब बेटी नहीं मानती है, तो वह मजबूर होकर राजा के पास चला जाता है। वह राजा को बताता है कि उसकी बेटी रत्नावती चोर से बहुत प्यार करती है। अगर उसे फांसी हो गई, तो वह भी अपने प्राण त्याग देगी। वह व्यापारी अपनी बेटी के खातिर राजा को सोने के सिक्के और चोर द्वारा चुराया गया सारा धन देने का प्रस्ताव रखता है, लेकिन राजा उसकी एक नहीं सुनते। कुछ देर बाद ही राजमहल में रत्नावती पहुंच जाती है। वह भी राजा से आग्रह करती है, लेकिन राजा किसी की नहीं सुनते और जल्लाद से चोर को जल्दी फांसी देने को कह देते हैं।

जैसे ही चोर को फांसी होने वाली होती है, वह पहले रोता है और फिर जोर से हंसने लगता है। उस चोर को फांसी होते ही, लड़की भी अपने प्राण त्यागने की कोशिश करती है। उसी वक्त आकाशवाणी होती है। भगवान रत्नावती से कहते हैं, “हे पुत्री! तुम्हारा प्रेम बहुत पवित्र है। तुम्हारे इस प्यार को देखकर हम बहुत खुश हुए हैं। तुम मांगों, जो भी तुम्हें मांगना है।” यह सुनकर रत्नावती कहती है, “मेरे पिता का कोई बेटा नहीं, आप उन्हें आशीर्वाद दें कि उनके सौ पुत्र हो जाएं।” एक बार फिर, आकाशवाणी होती है, “ऐसा ही होगा, लेकिन तुम कुछ और भी वरदान मांग सकती हो।” फिर रत्नावती कहती है, “मैं उस चोर से बेहद प्यार करती हूं, अगर हो सके तो आप उन्हें जीवित कर दीजिए।” रत्नावती के वरदान मांगते ही चोर फिर से जीवित हो जाता है।

इधर, यह सब देखकर राजा बहुत हैरान हो जाते हैं। उधर, चोर जीवित होने के बाद एक बार फिर रोता है और फिर जोर-जोर से हंसने लगता है। इसी दौरान राजा चोर को कहते हैं, “अगर तुम सही रास्ते पर चलने का वचन देते हो, तो मैं तुम्हें राज्य का सेनापति घोषित करने को तैयार हूं”। चोर खुशी-खुशी हां कर देता है।

इतनी कहानी सुनाते ही बेताल चुप हो जाता है। फिर विक्रमादित्य से पूछता है, “हे राजन! बताओ, वह चोर फांसी चढ़ते समय और जीवित होने के बाद क्यों पहले रोया और फिर हंसने लगा।” राजा ने जवाब दिया, “सुन बेताल, चोर को दुख इस बात का हुआ कि उसने जीवन में सिर्फ चोरी ही की, इसके बाद भी इतनी सुंदर लड़की उसके लिए मरने के लिए तैयार है। फिर हंसा इसलिए, क्योंकि उसने सोचा, एक ऐसी लड़की जिससे राजकुमार भी शादी करना चाहते थे, उसे प्यार भी हुआ तो एक चोर से। दोबारा जिंदा होने के बाद वो नया जीवन मिलने पर रोया और खुश भगवान के खेल को देखकर हुआ।” एक बार फिर सही जवाब मिलने के बाद बेताल उड़कर पेड़ से जा लटका।

सच्चाई और मेहनत की राह अपनाकर अपने पिछले बुरे कर्मों को हराया जा सकता है।

### कहानी से सीख

पहली सीख यह मिलती है कि प्यार में बड़ी ताकत होती है। दूसरी सीख यह है कि जीवन में सही व्यक्ति को चुनने से कई परेशानियों से बचा जा सकता है।

## Jammu & Kashmir

# 'जल प्रलय' से भारी तबाही... असम में अब तक 82 लोगों की मौत, कश्मीर-गुजरात में भी कई इलाके डूबे

**गुवाहाटी/श्रीनगर, (एजेंसी)** असम से लेकर कश्मीर तक बाढ़-बारिश से भारी तबाही हुई है. गुजरात में भी कई इलाके जलमग्न हैं. जल प्रलय का सबसे ज्यादा असर असम में दिख रहा है, जहां अब तक 82 लोगों की मौत हो चुकी है.

असम के पांच जिलों- शिवसागर, गोलाघाट, जोरहाट, नगांव और चराइदेव में करीब दो लाख लोग बाढ़ की वजह से मुश्किलें झेल रहे हैं

असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (ASDMA) के अनुसार, शुक्रवार को बाढ़ की वजह से दो और लोगों की जान गंवानी पड़ी. राहत की बात यह है कि कुदरती



आपदा में फिलहाल कोई व्यक्ति लापता नहीं है.

बाढ़ से प्रभावित पांच जिलों के 17 राजस्व क्षेत्रों और 379 गांवों में असर साफ दिख रहा है. करीब दो लाख की आबादी बाढ़ की चपेट में है और सबसे अधिक प्रभावित चराइदेव जिला है. राज्य में 54 राहत शिविर बनाए गए हैं, 26 राहत वितरण केंद्र भी चलाए जा रहे हैं. NDRF, SDRF और अन्य एजेंसियां लगातार राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई हैं.

**शोपियां के कई गांवों में अचानक आई बाढ़-** इधर, कश्मीर घाटी में लगातार हो रही भारी बारिश के बीच ऊपरी इलाकों में बादल फटने (क्लाउडबर्स्ट) की घटनाएं हुई हैं. दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के कई गांव अचानक आई बाढ़ की चपेट में आ गए.

## Jammu

# 10 दिन में ही तीसरी मौत, कश्मीर में नाम पूछकर आतंकी हमला; दूसरे मजदूर की भी गई जान



**श्रीनगर, (एजेंसी)** दक्षिण कश्मीर में कुलगाम जिले के कीलम इलाके में शुक्रवार को लश्कर के आतंकियों ने छत्तीसगढ़ के दो मजदूरों पर अंधाधुंध गोलीबारी की जिससे दोनों की मौत हो गई। एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे को अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उसने शनिवार को दम तोड़ दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों का पता लगाने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया गया है। यह घटना दक्षिण कश्मीर में हुए एक आतंकी हमले के 10 दिन बाद हुई है, जिसमें अनंतनाग जिले में अमरनाथ यात्रा की ड्यूटी पर तैनात जम्मू-कश्मीर पुलिस का एक जवान शहीद हो गया था। 22 जुलाई को एक आतंकवादी ने इस पुलिसकर्मी को बहुत करीब से गोली मारी थी। आज शाम की हुयी इस घटना में आतंकवादियों ने कुलगाम के कीलम में छत्तीसगढ़ के दो बाहरी मजदूरों को निशाना बनाया और उन्हें घायल कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उनमें से एक की मौत हो गई, जबकि दूसरे को बेहतर इलाज के लिए श्रीनगर के अस्पताल में भेजा गया है। हालांकि बाद में दूसरे की भी मौत की सूचना आ गई। कश्मीर में बाहरी लोगों पर लगभग दो साल में यह पहला हमला है। इससे पहले 18 अक्टूबर 2024 को बिहार के बांका जिले के रहने वाले 30 वर्षीय अशोक चौहान की शोपियां जिले के वाची इलाके में अज्ञात उग्रवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

## New Delhi

# 'गाली देना अपराध नहीं', दीपके ने पीएम मोदी मामले में FIR पर उठाया सवाल, BJP नेताओं का भी जिक्र

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित तौर पर अपशब्दों का इस्तेमाल करने के लिए एक महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि गाली देना कोई अपराध नहीं है। साथ ही पूछा कि क्या देश में दो कानून हैं। आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करने के आरोपी बीजेपी नेताओं और आईटी सेल के सदस्यों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई क्यों नहीं की गई। सीजेपी की ओर से एक्स पर शेयर किए गए एक वीडियो में दीपके ने कहा कि उन्हें पता चला है कि अपशब्दों का इस्तेमाल करने के लिए एक महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने सवाल किया कि दूसरे मामलों में ऐसी कार्रवाई क्यों नहीं की गई। दीपके ने पूछा कि अगर आप गाली-गलौज के लिए मामले दर्ज कर रहे हैं तो बीजेपी के आईटी सेल के उन लोगों के खिलाफ मामले कब दर्ज किए जाएंगे जो सालों से ऑनलाइन महिलाओं के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं?

## Maharashtra

महाराष्ट्र में दर्दनाक हादसा

# उफनती नदी में बही कार, मां-बेटियों के शव बरामद, पेड़ से चिपक कर पति ने बचाई जान

**मुंबई, (एजेंसी)** महाराष्ट्र के यवतमाल जिले में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया। यहां एक महिला और उसकी दो बेटियों के शव उस एसयूवी के साथ बरामद किए गए, जो बाढ़ के पानी में बह गई थी। तीनों बीते गुरुवार से लापता थीं।

यह हादसा उस समय हुआ, जब परिवार अहिल्यानगर जिले के लोनी इलाके की ओर जा रहा था। भारी बारिश के कारण दरव्हा क्षेत्र में कुपटी नदी का पानी पुल के ऊपर से बह रहा था। चालक पानी की गहराई और तेज बहाव का सही अंदाजा नहीं लगा सका। पुल पार करने की कोशिश के दौरान कार तेज बहाव में बह गई।

वाहन के बहने के दौरान अविनाश खंडारे ने



सूझबूझ दिखाते हुए एक पेड़ को पकड़ लिया और अपनी जान बचा ली। हालांकि, उनकी पत्नी माधवी और उनकी दो छोटी बेटियां वाहन के भीतर ही तेज बहाव में बह गईं। वह उन्हें बचाने में कामयाब नहीं हुए। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस और आपदा प्रबंधन की टीमें मौके पर पहुंचीं।

## खेल

# भारतीय जूडोका अस्मिता डे का ऐतिहासिक स्वर्ण, हर्ष ने भी हासिल किया सोना, यामिनी को मिला रजत पदक

**ग्लास्गो, (एजेंसी)** भारत ने ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में शानदार प्रदर्शन किया है। भारत ने जूडो में शुक्रवार को दो स्वर्ण और रजत पदक जीता। सबसे पहले अस्मिता डे ने महिला 48 किग्रा वर्ग में सोना अपने नाम किया और फिर हर्ष सिंह ने पुरुष 60 किग्रा में स्वर्ण पदक जीता। हर्ष ने फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के जोशुआ कैट्ज को 10-0 से हराकर भारत को स्वर्ण दिलाया। हर्ष राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीतने वाले दूसरे और पहले पुरुष जूडोका हैं। अस्मिता और हर्ष से पहले अब तक किसी भारतीय जूडोका ने राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक नहीं जीता है। वहीं, महिला 57 किग्रा वर्ग में यामिनी मौर्य ने रजत पदक जीता।

भारतीय जूडिका अस्मिता डे ने शानदार प्रदर्शन किया और सोने का तमगा हासिल करने में सफल रहीं। त्रिपुरा की 23 वर्ष की अस्मिता का यह स्वर्ण ऐतिहासिक है क्योंकि इससे पहले भारत की ओर से किसी



भी जूडोका ने राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक नहीं जीता था। अस्मिता का सामना फाइनल में कनाडा की हेडी काच से हुआ। अस्मिता फाइनल मुकाबले में 0-1 से पिछड़ रही थीं, लेकिन उन्होंने जल्द ही वापसी करते हुए स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। चार मिनट का निर्धारित समय पूरा होने के बाद मुकाबला सडन डैथ तक खींचा, जहां इस भारतीय जूडोका ने 2-1 से मुकाबला अपने नाम कर सोना अपने नाम किया। मालूम हो कि सडन डैथ में पहले स्कोर करने वाले को विजेता घोषित किया जाता है।

भारत ने राष्ट्रमंडल खेलों की जूडो स्पर्धा में पहली बार 1990 में ऑकलैंड में हुए खेलों के दौरान हिस्सा लिया था। इस ऐतिहासिक पहले संस्करण में ही भारतीय जूडो खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक भी जीते थे। नरेंद्र सिंह (60 किग्रा भार वर्ग) और राजिंदर कुमार ढांगर (86 किग्रा भार वर्ग) ने कांस्य पदक जीतकर भारत का खाता खोला था। हालांकि, इसके बाद भारत राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य और रजत पदक जीतता रहा, लेकिन कभी भी कोई भारतीय जूडोका स्वर्ण पदक अपने नाम नहीं कर सका था। आज यह तिलिस्म भी टूटा। पहले अस्मिता और अब हर्ष ने एक ही दिन में जूडो में दो स्वर्ण पदक भारत की झोली में डाले।

फाइनल से पहले अस्मिता ने सेमीफाइनल में दमदार प्रदर्शन किया था। युवा खिलाड़ी अस्मिता डे ने बेहद रोमांचक मुकाबले में स्कॉटलैंड की समर शॉ को 'युको' के आधार पर हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। एक समय हार की कगार पर पहुंच चुकीं अस्मिता ने शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की थी। इससे पहले अस्मिता ने स्कॉटलैंड की ईवा इविंग को 'इप्पोन' से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई थी। जूडो में 'इप्पोन' को सर्वोच्च स्कोर माना जाता है जिसके मिलते ही मुकाबला समाप्त हो जाता है। 'युको' अपेक्षाकृत कम अंक वाला स्कोर है।

पुरुष 60 किग्रा वर्ग में हर्ष सिंह ने ऑस्ट्रेलिया के पेड्रो कार्लोस एंटुन नेटो को 'वाजा-आरी' के आधार पर हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। हर्ष ने क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने के सफर में मलावी के चिकोंडी काथेवेरा को 'इप्पोन' से मात दी और फिर वानुआतु के एलन मोंथुएल को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

## सिनेमा

# आधी रात सलमान खान ने संजय दत्त को लगाया गले, हुए इमोशनल, बोले- अल्लाह बड़े भाई को खुश रखे



बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान सोशल मीडिया पर सुपर एक्टिव हो गए हैं. सलमान अपनी पोस्ट के जरिए फैन्स का ध्यान खींच रहे हैं. अब उन्होंने सोशल मीडिया पर नई पोस्ट शेयर की है. दबंग खान ने शुक्रवार देर रात एक खास इंसान के साथ फोटो शेयर की, जिसे उन्होंने अपना बड़ा भाई बताया. आइए जानते हैं कि बॉलीवुड के भाईजान के बड़े भइया कौन हैं. सलमान खान इंडस्ट्री के फेवरेट सुपरस्टार्स में से एक हैं. वो छोटा हो या बड़ा हर शख्स को बेइंतिहा प्यार देते हैं. इंस्टाग्राम पर उन्होंने संजय दत्त के साथ फोटो शेयर की. तस्वीर में दोनों ब्लैक आउटफिट में नजर आए. फोटो में देखा जा सकता है कि सलमान और संजय दत्त ने एक-दूसरे को गले लगाया हुआ है. सलमान ने संजय दत्त के साथ फोटो शेयर करते हुए एक प्यारा सा कैप्शन भी लिखा है. उन्होंने लिखा- बाबा फॉरएवर बाबा और बाबा, बाबा होता है. संजू बाबा है हम सब के बाबा और संजू बाबा अब अपने बच्चों का बाबा, मेरा बड़ा भाई संजय दत्त, अल्लाह, भगवान, जीसस सब इस आदमी को खुश रखे, आइ लव यू बाबा. सलमान की तस्वीर और कैप्शन संजय दत्त के लिए उनका प्यार बंया कर रहा है. संजय दत्त भी कई बार ये कह चुके हैं कि वो इंडस्ट्री में सलमान के सबसे ज्यादा करीब हैं.

## Highlights

1. Woman explains why she supported CJP protest despite being BJP leader's daughter
2. Digvijaya Singh acquitted in 14-year-old defamation case over remarks against Baba Ramdev
3. Same teachers setting, translating questions may be behind NEET-UG leak: Report
4. Farmers dump 1,500-kg radishes in river as Himachal govt fails to reopen landslide-hit road
5. K'taka CM Shivakumar defers meet with TN CM Vijay amid Cauvery protest
6. IAF turns to local firms for defence supplies amid Ukraine, Iran wars
7. Ex-AAP councillor Tahir Hussain gets life imprisonment for IB officer's murder during Delhi riots
8. Wrong to assume PM won't act in interest of democracy: Govt to SC on CEC appointment

# AI Spending by Big Tech Boosts Chip Sector Outlook




**NEW DELHI, (Agency).** New York: Aggressive spending on artificial intelligence (AI) by global technology giants has eased concerns in the semiconductor sector, with companies like Amazon, Microsoft and Alphabet reaffirming their commitment to building large-scale AI infrastructure.

The renewed confidence comes after a period of volatility in chip stocks, driven by fears that Big Tech firms might slow their capital expenditure. However, the latest earnings announcements from these "hyperscalers" — the world's largest cloud computing providers — suggest that demand for chips, networking equipment and data centre infrastructure will remain robust.

### Amazon leads with increased capital expenditure

Amazon has significantly raised its full-year capital expenditure forecast to $220 billion (approximately ₹18.3 lakh crore), up from its earlier estimate of $200 billion. Chief Executive Officer Andy Jassy stated that a substantial portion of this investment will be directed towards AI initiatives.

The company's results also showed that its cloud computing division continues to gain momentum, recording accelerated growth for the fifth consecutive quarter. This performance reassured investors that Amazon's heavy spending on AI infrastructure is beginning to deliver tangible returns.

### Microsoft, Alphabet and Meta follow suit

Microsoft maintained its capital expenditure outlook, signalling continued confidence in its AI strategy. The company witnessed a strong market response, adding nearly $450 billion (around ₹37 lakh crore) to its market capitalisation in a single day — the largest such increase in corporate history — following its earnings report.

Alphabet, the parent of Google, also raised its spending guidance, projecting capital expenditure between $195 billion and $205 billion (approximately ₹16.2 lakh crore to ₹17 lakh crore) for the coming year.


Meanwhile, Meta increased the lower end of its capital expenditure forecast. However, investor sentiment towards Meta remained cautious, with its stock falling nearly 8% after the company issued a weaker-than-expected sales outlook alongside plans for substantial future spending.

### Relief for semiconductor and hardware firms

The continued investment by hyperscalers is a positive signal for companies involved in manufacturing chips and data centre equipment. Firms such as Nvidia, Intel, Samsung Electronics and SK Hynix had recently experienced declines amid concerns over a potential slowdown in demand.

Following the announcements, many of these stocks began to recover, reflecting improved investor sentiment. According to analysts, the likelihood of stronger-than-expected growth in the semiconductor and networking sectors over the next two years has increased.

Despite the positive outlook, investors are becoming more selective about how companies deploy their capital.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक